राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: cce_raj@yahoo.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक: CCE/P&C/ISDC/Plantation/2019/...1123 Date: ...26.. August 2019

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः महाविद्यालयों में 'मेरा हरा–भरा राजस्थान' कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण करवाने एवं मासिक अद्यतन सूचना आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर को भिजवाये जाने के संबंध में।

सन्दर्भः आकाशि के पत्रांक CCE/P&C/ISDC/RACE/2019/946; Date: 12th July 2019 तथा पत्रांक CCE/P&C/ISDC/Plantation/2019/998; Date: 29th July 2019 के क्रम में।

महोदय,

दिनांक 12 जुलाई 2019 को माननीय मंत्री महोदय, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान द्वारा सभी राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से महाविद्यालयों में **'मेरा हरा–भरा राजस्थान'** अभियान का आगाज करते वृक्षारोपण करवाने हेतु निर्देशित किया गया था। हाल ही में महाविद्यालयों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर अभी तक लगभग 40 हजार पेड लगवाये जा चुके हैं जो कि एक बडी उपलब्धि है। परन्तु अभी भी इस अभियान को और गति प्रदान करने एवं पौधारोपण संख्या को लगभग दो लाख तक पहुंचाने की आवश्यकता है। अतः सभी से विनम्र आग्रह है कि अपने प्रदेश को हरा भरा बनानें के लिये सरकार के दृढ संकलिपत प्रयासों को सफल बनाने में व्यक्तिगत रुचि लेकर संस्थागत प्रयासों को और मजबूती प्रदान करें। कॉलेज परिसर के साथ आसपास की सार्वजनिक भूमि पर सक्षम पूर्वानुमति प्राप्त करने के उपरान्त अधिकाधिक वृक्षारोपण करवायें। कॉलेज परिसर में पार्किंग स्थल, क्रीडा एवं खेलकूद मैदान के चारों ओर एवं फ्री समय में विद्यार्थियों के बैठने के कॉमन प्लेसेस पर वृक्षरोपण को प्राथमिकता से करवायें। इस संबंध में यह भी सुनिश्चित करें कि महाविद्यालय अथवा सार्वजनिक स्थान पर किये गये वृक्षारोपण कार्य उपरान्त उन पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। यह सुरक्षा कार्य संस्था प्रधान अपनी देखरेख में सुनिश्चित करें।

इस सम्बंध में लेख है कि –

1. रोपित किये जाने वाले पौधे छायादार, फलदार एवं स्वच्छ– स्वस्थ पर्यावरणपरक हों।
2. यथा संभव रोपित पौधें के लिये ट्री–गार्ड की व्यवस्था करके उन्हें संरक्षित रखने का प्रयास करें।।
3. इन पौधें को महाविद्यालय में कार्यरत कार्मिको/विद्यार्थियों के अतिरिक्त बाह्य व्यक्तियों/संस्थाओं से प्रायोजित करवाकर उनके नाम के साथ साथ लगवाया जा सकता हैं परन्तु इस बात का ध्यान रखा जावे कि व्यक्ति/संस्था के नाम के कारण महाविद्यालय में कोई विवाद उत्पन्न नहीं हो।
4. RACE कार्यक्रमान्तर्गत बडे महाविद्यालय इस कार्यक्रम में नेतृत्वपरक भूमिका अदा करते हुए साथी महाविद्यालयों की सहायता करें।
5. पेड–पौधें के लिये वन–विभाग के निकटस्थ कार्यालय/नर्सरी से सम्पर्क करें।

सभी महाविद्यालयों से अपेक्षित है कि **प्रत्येक माह के अन्तिम कार्य दिवस को वृक्षारोपण संख्या की सूचना** आपके महाविद्यालय की **G-mail पर उपलब्ध स्प्रेडशीट Online 18-19 के कॉलम संख्या BW में आवश्यकरुप से अपडेट करें** ताकि इस सूचना को सरकार को प्रेषित किया जा सके।

प्रदीप कुमार बोरड़, IAS
आयुक्त कालेज शिक्षा, एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा; राजस्थान

पत्रांक: CCE/P&C/ISDC/Plantation/2019/...1123 Date: ...26.. August 2019
प्रतिलिपि सूचनार्थः

1. निजी सचिव, आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. सभी संयुक्त निदेशक, आकाशि, जयपुर।
4. सभी सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान।
5. सभी प्रभारी अधिकारी, महाविद्यालय समूह, आकाशि, जयपुर।
6. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
7. रक्षित पत्रावली।

26/8/19

डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ